दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 184 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

शनिवार
23 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## अनमोल वचन

"आपका बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप है।"

## संक्षिप्त न्यूज

### बढ़ती गर्मी के बीच देश में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली ।सरकार ने कहा है कि पिछले चार दिन में देश की बिजली मांग में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। देश के कई भागों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। बिजली मंत्रालय ने कहा कि कल दिन के समय बिजली की मांग, अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़कर, 270.82 गीगावॉट रिकॉर्ड की गई। बुधवार को यह 265 गीगावॉट से अधिक थी, जबकि सोमवार और मंगलवार को दिन के समय बिजली की मांग क्रमशरू 257 और 260 गीगावॉट थी। दिन के दो बजे से लेकर चार बजे के बीच बिजली की मांग चरम पर होती है। मंत्रालय ने कहा कि वह मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति के लिए पूरी तरह तैयार है। मंत्रालय ने नागरिकों से बिजली का किफायती और विवेकसम्मत उपयोग करने को कहा है।

### रेल मंत्रालय ने अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन के नियमित संचालन को मंजूरी दी

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल रेलगाडी संख्या : 01666/01665 के नियमित संचालन को मंजूरी दे दी है।यह रेलगाडी अब 11666/11665 अगरतला-रानी कमलापति एक्सप्रेस के नाम से नियमित रूप से चलेगी।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आधिकारिक पत्र के माध्यम से सांसद बिप्लब कुमार देब को इस संबंध में सूचित किया। पश्चिम त्रिपुरा के सांसद बिप्लब कुमार देब के अनुरोध पर ये रेलगाडियां चालाई गई हैं।

## पश्चिम-बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से की मुलाकात







पश्चिम-बंगाल (एजेंसी)। पश्चिम-बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने पश्चिम बंगाल को शांति और समृद्धि के पथ पर ले जाने तथा विकसित बंगाल और विकसित भारत का लक्ष्य साकार करने के प्रयासों के लिए शुभेन्दु अधिकारी को शुभकामनाएं दीं।

श्री अधिकारी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। श्री सिंह ने कहा कि शुभेन्दु अधिकारी के पास समृद्ध राजनीतिक और विधायी अनुभव है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री पश्चिम-बंगाल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

शुभेन्दु अधिकारी ने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल सरकार राज्य के लोगों के हित में पूरे समर्पण के साथ काम करेगी। गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री को नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भारत और साइप्रस ने व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की



नई दिल्ली (ब्यूरों)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने सीमा पार से आतंकवाद सहित हर प्रकार के आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय में पश्चिमी मामलों के सचिव सिबी जॉर्ज ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि दोनों नेताओं की बैठक में आतंकवाद से निपटने पर मुख्य रूप से बातचीत हुई। साइप्रस ने आतंकवाद से मुकाबले में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने पिछले वर्ष पहलगाम आतंकी हमले और लाल किले के निकट आतंकी कार-विस्फोट घटना की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने आतंकवाद से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप निर्णायक प्रयासों की अपील की।श्री जॉर्ज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति के बीच मुख्य रूप से व्यापार और निवेश, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, वित्तीय सम्पर्क, प्रौद्योगिकी और नवाचार, मोबिलिटी, शिक्षा, संस्कृति तथा भारत और यूरोपीय संघ के बीच सम्पर्क-सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हुई। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। श्री जॉर्ज ने कहा कि साइप्रस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा दोनों देशों के संबंधों में मील का पत्थर है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक भागीदारी तक ले जाने का निर्णय लिया है।

श्री सिबी जॉर्ज ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच विभिन्न समझौते हुए। इनमें आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त कार्य समूह का गठन तथा सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और साइप्रस की राजनयिक अकादमी के बीच राजनयिक प्रशिक्षण से संबंधित समझौता ज्ञापन भी शामिल है।

श्री जॉर्ज ने कहा कि साइबर सुरक्षा संवाद, वाणिज्य दूत संवाद, 2026 से 2031 तक द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की कार्य योजना और हिंद-प्रशांत सामुद्रिक पहल में साइप्रस के शामिल होने के बारे में भी महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई।वर्ष 2027 में दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 65 वर्ष पूरे होंगे। दोनों देशों के संबंधों में आर्थिक सहयोग का महत्वपूर्ण आधार है। साइप्रस भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का नौवां सबसे बड़ा स्रोत है।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन मोबाइल ऐप का शुभारंभ



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिये जीवन मोबाइल एप्लिकेशन शुरू किया गया।इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के लिये सहायता प्रणालियों को मजबूत करना है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में इस ऐप का शुभारंभ किया। जीवन ऐप सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आपातकालीन सहायता और वरिष्ठ नागरिक आवास की जानकारी उपलब्ध कराता है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों के लिये देखभाल सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिये शतायु डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उबर की राइड-शेयरिंग सेवा का शुभारंभ किया




नई दिल्ली (ब्यूरों)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज साझा परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उबर की राइड-शेयरिंग सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे। श्री सिरसा ने कहा सरकार पिछले कुछ समय से निजी ऑपरेटरों के साथ इस विषय पर लगातार बैठकें कर रही थी ताकि राइड-शेयरिंग को लागू किया जा सके। श्री सिंह ने कहा कि इस सेवा के शुरू होने से बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ मिलेगा और सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होने से प्रदूषण में भी कमी आएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को 19वें रोजगार मेले में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे



नई दिल्ली(एजेंसी) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

यह रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। देश के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे।

# महाराष्ट्र में 30 जून से घर-घर जाकर मतदाता सूची का होगा सत्यापन

महाराष्ट्र(एजेंसी)। महाराष्ट्र में, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम ने आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 20 जून से 7 अक्टूबर के बीच एक लाख से अधिक फील्ड लेवल अधिकारी 98.06 करोड मतदाताओं के विवरण का सत्यापन करेंगे। 20 से 29 जून के बीच, इन अधिकारियों का प्रशिक्षण तथा गणना प्रपत्रों की छपाई का कार्य पूरा किया जाएगा। 30 जून से 29 जुलाई के बीच, अधिकारी प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्र करेंगे और दी गई जानकारी का सत्यापन करेंगे।मसौदा मतदाता सूची 5 अगस्त को और अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर को जारी की जाएगी।

# असम में यूसीसी लागू होने पर जनजातीय अधिकार सुरक्षित रहेंगे: राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य



असम(एजेंसी)। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने आज कहा कि राज्य सरकार समान नागरिक संहिता इस प्रकार लागू करेगी कि जनजातीय और मूल निवासियों के पारंपरिक अधिकार और प्रचलन तथा सामाजिक संस्थाओं का पूरी तरह संरक्षण हो। विधानसभा के वर्तमान सत्र के दूसरे दिन नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य विशिष्ट सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का संरक्षण करते हुए समानता और न्याय सुनिश्चित करना है। सार्वजनिक खर्च में कमी लाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने नागरिकों से अनावश्यक और विलासिता पर खर्च कम करने का आग्रह किया।

कल से शुरू हुआ विधानसभा सत्र इस महीने की 26 तारीख तक चलेगा।

# भारत ने अफगानिस्तान के बाल टीकाकरण कार्यक्रम के लिए 20 टन टीका सामग्री भेजी

नई दिल्ली। भारत ने अफगानिस्तान के बाल टीकाकरण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीसीजी, टेटनस और डिप्थीरिया के टीकों के लिए बीस टन आवश्यक सामग्री भेजी है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अफगानिस्तान को और खेप भेजी जा रही हैं। भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अफगानिस्तान के लोगों की निरंतर सहायता की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# सीबीएसई ने कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
भारत
असतो मा सद्गमय

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सी.बी.एस.ई ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाकर 24 मई कर दी है। सी.बी.एस.ई ने यह निर्णय वेबसाइट पर अत्यधिक आवेदन और तकनीकी व्यवधान के बाद लिया है, जिससे वेबसाइट बाधित हो रही थी। बोर्ड ने बताया कि विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी मिलने के बाद, पुनर्मूल्यांकन का आवेदन करने के लिए दो दिन का समय मिलेगा।

# कॉकरोच जनता पार्टी" सोशल मीडिया पर बनी चर्चा का विषय




नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर इन दिनों "कॉकरोच जनता पार्टी" नाम तेजी से वायरल हो रहा है। बेरोजगारी, ऑनलाइन संस्कृति और युवाओं की जीवनशैली को लेकर बनाए गए इस व्यंग्यात्मक अभियान ने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी है।

बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में बेरोजगार युवाओं को लेकर हुई टिप्पणी के बाद इस कॉन्सेप्ट को सोशल मीडिया पर एक नई पहचान मिली। इंस्टाग्राम पर ब्रश से जुड़े पोस्ट और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं और युवाओं के बीच इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

# नेपाल में माउंट एवरेस्ट अभियान के दौरान दो भारतीय पर्वतारोहियों ने गंवाई जान



नेपाल (एजेंसी)। माउंट एवरेस्ट से उतरते समय दो भारतीय पर्वतारोहियों - अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे की मौत हो गई। नेपाल पर्यटन विभाग ने बताया कि ये पर्वतारोही दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर पर विजय प्राप्त करने के बाद नीचे उतरते समय बीमार हो गये और हर संभव प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस सीजन में एवरेस्ट पर यह चौथी मौत है। इससे पहले तीन नेपाली पर्वतारोही और गाइड भी जान गंवा चुके हैं।

# समाधान शिविर में प्राप्त लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निपटारा: मोनिका शर्मा




जीत समाचार हरियाणा। सीटीएम मोनिका शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगली बैठक तक सभी लंबित शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ समाधान हो चुकी शिकायतों की कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर दर्ज की जाए।

सीटीएम मोनिका शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले चंडीगढ़ से हरियाणा परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजशेखर वुंडरू ने सभी जिला उपायुक्तों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सीटीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान हो ताकि लोगों का सरकार और प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने बताया कि उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा 29 मई को जनसंवाद, सीएम विंडो व समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का समीक्षा करेंगे।

इस अवसर डीडीपीओ कंचनलता, डीएसपी मीना,जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, डीआईपीआरओ सत्यवान महिवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन प्रतिनिधि जनगणना में करें पूर्ण सहयोग: उपायुक्त

## लापरवाही बरतने पर होगी कानूनी कार्रवाई

हरियाणा(ब्यूरो)। प्रधान जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने जनगणना 2027 के कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार जिला के तहत आने वाले नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पालिकाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य अधिकारियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी प्रकार जिला की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों को भी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सभी नंबरदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहायता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।


उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की बाधा, विलंब अथवा अवरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी संबंधित विभाग एवं स्थानीय निकाय आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। आदेशों की अवहेलना अथवा अनुपालना में लापरवाही बरतने पर जनगणना अधिनियम, 1948 एवं अन्य लागू नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित



हरियाणा(ब्यूरो)। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन https://awards-gov-in/ पोर्टल पर 30 सितंबर 2026 तक कर सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रियाध्वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधानध्नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। पुरस्कार के संबंध में अधिक जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पोर्टल पर उपलब्ध है।






## 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का भविष्य और चुनौतियाँ

आज के दौर में सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित वषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का भविष्य और चुनौतियाँ' है। इसी विषय पर आधारित एक लेख नीचे दिया गया है।

आधुनिक युग की क्रांतिः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( और हमारा भविष्य
आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, उसे शडिजिटल क्रांतिश का चरम कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस क्रांति के केंद्र में है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्मार्टफोन में मौजूद वॉयस असिस्टेंट से लेकर जटिल मेडिकल डायग्नोसिस तक, 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे काम करने और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। लेकिन क्या यह तकनीक हमारे लिए वरदान है या एक अनजाना खतरा?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता प्रभाव
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वित्त, और परिवहन जैसे क्षेत्रों में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़ रही है। डेटा के विश्लेषण में इंसानी दिमाग की तुलना में मशीनों की गति और सटीकता ने काम को घंटों से घटाकर मिनटों में ला दिया है।

अवसर और चुनौतियाँ
।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसके साथ जहां असीमित अवसर हैं, वहीं गंभीर चुनौतियाँ भी हैं।

नौकरियों पर प्रभाव सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्या 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों की जगह ले लेगा? यह सच है कि कुछ पारंपरिक नौकरियां खत्म हो रही हैं, लेकिन 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसे कारण नए प्रकार के कौशल और रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

नैतिकता और गोपनीयतारू डेटा प्राइवेसी आज का सबसे बड़ा मुद्दा है। 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम कैसे डेटा का उपयोग करते हैं और क्या वे निष्पक्ष हैं, यह बहस का विषय है। एल्गोरिदम में पूर्वाग्रह ( होने से समाज में असमानता बढ़ने का खतरा बना रहता है।

मानवीय संवेदना का अभाव 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो जाए, उसमें मानवीय सहानुभूति, संवेदना और निर्णय लेने की शनैतिक क्षमताश का अभाव होता है।

निष्कर्ष संतुलन की आवश्यकता
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भविष्य पूरी तरह से इस पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे नियंत्रित और निर्देशित करते हैं। तकनीक का विरोध करने के बजाय, हमें शतकनीकी साक्षरताश बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। सरकारों और संस्थानों को ऐसे नियम बनाने की जरूरत है जो इनोवेशन को बढ़ावा दें, लेकिन साथ ही मानवीय मूल्यों और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

अंत में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खुद में कोई शलक्ष्यश नहीं है, बल्कि यह एक शशक्तिशाली उपकरणश है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस औजार का उपयोग दुनिया को और बेहतर बनाने के लिए करते हैं या इसे अपने नियंत्रण से बाहर जाने देते हैं।

–कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# लुधियाना में 24 मई को यूपीएससी प्रीलिम्स एग्जाम

जीत समाचार लुधियाना। 24 मई को जिले भर के 14 सेंटर्स पर यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (न्वैब) सिविल सर्विसेज प्रीलिम्स एग्जाम में 4,353 कैंडिडेट्स देंगे एग्जाम।

एग्जाम दो सेशन में होगा, जिसमें पेपर-1 सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और पेपर-2 दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा। गलत तरीकों के इस्तेमाल को रोकने के लिए सभी एग्जाम सेंटर्स पर जैमर लगाए गए हैं।

जिला प्रशासन ने परीक्षा के सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा, परिवहन, बैठने की जगह, पीने का पानी, निर्बाध बिजली आपूर्ति, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाओं सहित व्यापक व्यवस्था को अंतिम रूप दिया है।

निर्धारित परीक्षा केंद्रों में डी.सी.एम. प्रेसिडेंसी स्कूल, अर्बन एस्टेट- ८८८, जमालपुर कॉलोनी, चंडीगढ़ रोड, लुधियाना, एम.जी.एम. पब्लिक स्कूल, अर्बन एस्टेट फेज-1, एलआईसी बिल्डिंग के पास, दुगरी, लुधियाना, भारती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किचलू नगर, लुधियाना, आर.एस. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर, मॉडल टाउन, लुधियाना और गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, रख बाग, भारत नगर चौक, लुधियाना शामिल हैं।

परीक्षा के लिए अधिसूचित अतिरिक्त स्थानों में एस.सी.डी. गवर्नमेंट कॉलेज, सिविल लाइंस, लुधियाना की पुरानी बिल्डिंग (ब्लॉक-ए), पी.टी.ए. बिल्डिंग (ब्लॉक-बी) और पी.जी. बिल्डिंग (ब्लॉक-सी), एस.डी.पी. कॉलेज फॉर विमेन, दरेसी रोड, खालसा कॉलेज फॉर विमेन, सिविल लाइंस, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, रखा बाग (सब-सेंटर I), मालवा सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर विमेन, बसंत सिटी लाइंस, स्कूल ऑफ एमिनेंस, मॉडल टाउन और गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज (डठ। ब्लॉक), गिल पार्क, गिल रोड, लुधियाना।

सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (ैक्ड) लुधियाना ईस्ट श्रीमती जसलीन कौर भुल्लर ने अधिकारियों को परीक्षा को आसानी से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर, असिस्टेंट सुपरवाइजर, वेन्यू सुपरवाइजर, लोकल इंस्पेक्शन ऑफिसर, पुलिस कर्मियों और दूसरे अधिकारियों को उनके रोल और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दे दी गई है। उन्हें किसी भी तरह की असहमति से बचने का निर्देश दिया गया है जिससे परीक्षा के सफल आयोजन में रुकावट आ सकती है।

उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले सेंटर में एंट्री करने की इजाजत होगी। न्वैब ने एडमिट कार्ड के साथ डिटेल्ड इंस्ट्रक्शन पहले ही जारी कर दिए हैं। सभी परीक्षा सेंटर के गेट सुबह 9 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जिसके बाद किसी भी उम्मीदवार को अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

हर सेंटर पर पुरुष और महिला अधिकारियों समेत काफी पुलिस वाले तैनात रहेंगे और सभी जगहों पर तलाशी ली जाएगी।

कैंडिडेट्स को एग्जाम हॉल के अंदर मोबाइल फोन (भले ही बंद हों), पेजर, पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच, कैमरा, ब्लूटूथ डिवाइस या कोई भी कम्युनिकेशन वाला डिवाइस ले जाने या इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी।

हालांकि आम कलाई घड़ियों की इजाजत है, लेकिन स्मार्ट वॉच या कम्युनिकेशन फीचर वाली घड़ियों की सख्त मनाही है। इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन करने पर डिसिप्लिनरी एक्शन लिया जा सकता है, जिसमें आगे की परीक्षाओं से डिसक्वालिफाई करना भी शामिल है।

# पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पठानकोट निवासी को गिरफ्तार किया




जीत समाचार पठानकोट (ब्यूरो) । पंजाब पुलिस ने पठानकोट-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरे लगाकर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पठानकोट निवासी को गिरफ्तार किया है। पठानकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी बलजीत सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पुल के पास सीसीटीवी कैमरा लगाया था। उन्होंने कहा कि आरोपी का मकसद सेना और अर्धसैनिक बलों की गतिविधियों पर नजर रखना था। इसकी लाइव फीड पाकिस्तान में आईएसआई के जासूसों को साझा की जाती थी। पिछले महीने भी पुलिस ने पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित दो जासूसी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। यह जासूस संवेदनशील सैन्य ठिकानों की लाइव फीड पाकिस्तान भेजने के लिए उच्च तकनीक वाले सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर रहे थे।

# प्राइवेट स्कूलों की फीस पर नजर रखने के लिए डीसी हिमांशु जैन ने डिस्ट्रिक्ट लेवल की रेगुलेटरी कमेटी बनाई



जीत समाचार लुधियाना(कमल पवार) । पंजाब रेगुलेटरी इंस्टिट्यूशन्स फीस रेगुलेशन एक्ट, 2016, पंजाब रेगुलेटरी इंस्टिट्यूशन्स फीस रेगुलेशन (अमेंडमेंट) एक्ट, 2019 और पंजाब स्टेट रेगुलेटरी इंस्टिट्यूशन्स फीस रेगुलेशन बिना मदद वाले एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन्स रूल्स, 2017 के नियमों को असरदार तरीके से लागू करने के लिए, डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने तुरंत प्रभाव से जिले के लिए एक डिस्ट्रिक्ट लेवल की रेगुलेटरी कमेटी बनाई है।

यह कमेटी जिले में बिना मदद वाले एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन्स द्वारा फीस तय करने और बढ़ाने से जुड़े मामलों को रेगुलेट करने और उनकी जांच करने के लिए बनाई गई है। इस कदम का मकसद ट्रांसपेरेंसी, फेयरनेस और संबंधित एक्ट्स और नियमों के तहत तय नियमों का पालन पक्का करना है।

रेगुलेटरी बॉडी को खन्ना, जगराओं और अपने-अपने इलाकों, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लिमिट और शहरी इलाकों में रूरल डेवलपमेंट के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर चेयरपर्सन के तौर पर हेड करेंगे। लुधियाना के चीफ मिनिस्टर फील्ड ऑफिसर नोडल-कम-मेंबर होंगे, जबकि लुधियाना के डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर (सेकेंडरी) को मेंबर सेक्रेटरी बनाया गया है। लुधियाना के डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर (एलिमेंट्री) और लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर ऑफिस के सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-1 कमेटी के मेंबर होंगे। रिटायर्ड प्रिंसिपल तस्कीन अख्तर और नाहर सिंह को भी सरकार ने रेगुलेटरी बॉडी का मेंबर बनाया है।

नोटिफिकेशन के मुताबिक, रेगुलेटरी बॉडी प्राइवेट अनएडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में फीस स्ट्रक्चर को मॉनिटर करेगी और फीस बढ़ाने से जुड़े प्रपोजल की जांच करेगी।

एडमिनिस्ट्रेशन ने साफ किया कि एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन आसानी से काम करने और स्टूडेंट्स को बेहतर सुविधाएं देने के लिए फंड की जरूरत को ध्यान में रखते हुए अपना फीस स्ट्रक्चर खुद तय कर सकते हैं। हालांकि, इंस्टीट्यूशन को फीस तय करते या बढ़ाते समय एक्ट के सेक्शन 6(1) के तहत बताए गए फैक्टर्स को फॉलो करना चाहिए।

एडमिनिस्ट्रेशन ने आगे कहा कि फीस में कोई भी बढ़ोतरी पिछले एकेडमिक ईयर में ली गई फीस के आठ परसेंट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इस बात पर भी जोर दिया गया कि कोई भी अनएडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन किसी भी तरह से प्रॉफिट कमाने या कैपिटेशन फीस लेने में शामिल नहीं होगा।






## नशे पर होगी 'सर्जिकल स्ट्राइक'!

जीत समाचार मंडी (ब्यूरो)। मंडी जिले की 24 'रेड जोन' पंचायतों में अब खुद मैदान में उतरेंगे प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी। जून महीने से शुरू होने जा रहे इस महाभियान के तहत डीसी, एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्तर पर समीक्षा करेंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन के नेतृत्व में नशे के बढ़ते जाल को तोड़ने के लिए प्रशासन ने बनाई सख्त रणनीति। मुख्यमंत्री स्तर की बैठक के निर्देशों के बाद यह बड़ा अभियान शुरू किया जा रहा है।

## एटरनल यूनिवर्सिटी बड़ू साहिब के टॉयलेट में छात्रा का वीडियो पर बवाल।

जीत समाचार सिरमौर(ब्यूरो)। सिरमौर के पच्छाद उपमंडल स्थित एटरनल यूनिवर्सिटी बड़ू साहिब के टॉयलेट में छात्रा का वीडियो बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में हड़कंप मच गया। इसके बाद छात्राओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया। इस मामले में पच्छाद पुलिस ने झारखंड निवासी सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएँ और अपेक्षाएँ साझा कीं।



जीत समाचार शिमला। आज शिमला में माताओं, बहनों एवं भाइयों से संवाद किया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएँ और अपेक्षाएँ साझा कीं। प्रत्येक विषय को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हमारी सरकार के शासन का केंद्र सत्ता नहीं, जनता है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक संवेदनशील, पारदर्शी और प्रभावी व्यवस्था पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।






# 26मई को 94 पंचायतों में होगा मतदान।

जीत समाचार नाहन(ब्यूरो) । जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मई, 2026 को विकास खंड नाहन की 10 ग्राम सभा जिसमें नेहली धीड़ा, रामाधौण, धगेड़ा, नलका, विक्रमबाग, कालाअंब, त्रिलोकपुर, पालियों, चाकली व नाहन-2 तथा विकास खंड राजगढ़ की 12 ग्राम सभा जिसमें नेहरपाब, छोगटाली, काथलीभरण, शिलांजी, थैनाबसोतरी, दाहन, टालीभुज्जल, नेहरटीबघोट, हाब्बन, कडोलीदोची, कोटला बांगी व देवठी मझगांव तथा विकास खंड ददाहु की 09 ग्राम सभा जिसमें मालगी, कांडो कांसर, भरोगबनेड़ी, छोऊभोगर, कोटी धीमान, ददाहु, नेहरस्वार, महीपुर व पराड़ा तथा विकास खंड संगड़ाह की 13 ग्राम सभा जिसमें नोहराधार, पुनरधार, शिवपुर, शामरा, लानाचेता, भुटलीमानल, गेहल, बडोल, सांगना, दानाघाटों, सैंज, बाउनलकाकोग व लुधियाना तथा विकास खंड शिलाई की 13 ग्राम सभा जिसमें जरवा जुनेली, डाहर, लानीबोराड़, झकांड़ो, धारवा, नावणाभटवाड़, बेलाबशवा, गवाली, शिलाई, कुंहट, क्यारीगुंडाह, कोटीउतरोऊ व नाया पंजोड़ तथा विकास खंड पांवटासाहिब की 17 ग्राम सभा जिसमें भैला, टोरू डांडा आंज, बनौर, राजपुर, भंगानी, मानपुर देवड़ा, कुंजा, अजौली, पडदूनी, मेलियों, पातलियों, धौलाकुआं, कोलर, हरिपुरखोल, पल्होडी, रामपुर-भारापुर व बडाना तथा विकास खंड पच्छाद की 11 ग्राम सभा जिसमें कोटला पंजोला, बनाह धिन्नी, सुरला जनोट, टिक्करी कुठार, नैनाटिक्कर, धरोटी, नेरीनावन, लाना भल्टा, मानगढ़, शडिया व डाडोदेवरिया तथा विकास खंड कमरऊ स्थित तिलोरधार की 09 ग्राम सभा जिसमें माशू, कांडोच्योग, ठोंठाजाखल, टटियाना, शमाहपमता, सखोली, कठवार, सतौन व कुनेर धमौण में मतदान होगा।

## एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 1 जून तक वेतन जारी नहीं हुआ तो 2 जून से "काम छोड़ो आंदोलन" शुरू किया जाएगा

हिमाचल पथ परिवहन निगम
सबका साधना • सविनय सेवा

जीत समाचार शिमला । एचआरटीसी कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने पर अब कंडक्टर यूनियन ने निगम प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 1 जून तक वेतन जारी नहीं हुआ तो 2 जून से "काम छोड़ो आंदोलन" शुरू किया जाएगा। एचआरटीसी स्टेट कंडक्टर यूनियन के महासचिव दिपेंद्र कंवर ने कहा कि पिछले कई महीनों से कर्मचारियों को वेतन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। यूनियन ने साफ किया है कि आंदोलन के दौरान कंडक्टर बसों में ड्यूटी नहीं करेंगे और प्रदर्शन करेंगे।

# जोगिंदर नगर में जनआशीर्वाद कार्यक्रम, भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क

जीत समाचार जोगिंदर नगर(ब्यूरो)। जोगिंदर नगर के भराड़ू पंचायत में आयोजित जनआशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद वार्ड-5 कुफरी से भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्रीमती संतोष ठाकुर जी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।



इस अवसर पर जोगिंदर नगर के विधायक श्री प्रकाश राणा जी तथा द्रंग के विधायक श्री पूरण चंद ठाकुर जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान कुफरी वार्ड की विभिन्न पंचायतों में जनता का अपार स्नेह, समर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जो क्षेत्र में विकास, जनसेवा और भाजपा के प्रति जनता के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।




# पहली बार राज्य में जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल तकनीक के माध्यम से संचालित की जाएगी।

जीत समाचार शिमला। हिमाचल प्रदेश में होने वाली 'जनगणना 2027' इस बार कई मायनों में खास और आधुनिक होने जा रही है। पहली बार राज्य में जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल तकनीक के माध्यम से संचालित की जाएगी। अब लोगों को अपनी और अपने परिवार की जानकारी खुद ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा मिलेगी, जिससे प्रक्रिया पहले के मुकाबले अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिहीन बनने की उम्मीद है।




जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश के अनुसार राज्य में 1 जून से 15 जून 2026 तक "स्व-गणना" की सुविधा शुरू की जाएगी। इस दौरान आम नागरिक केंद्र सरकार द्वारा तैयार किए गए सुरक्षित पोर्टल म.बमदेने. हवअ.पद पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक परिवार को 11 अंकों का एक विशेष ''स्व-गणना आईडी नंबर' जारी किया जाएगा।

इसके बाद 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक राज्यभर में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य शुरू होगा। इस चरण में जनगणना कर्मी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। हालांकि इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि प्रगणक पारंपरिक कागजी फॉर्म लेकर नहीं जाएंगे। वे मोबाइल आधारित "एचएलओ एप्लिकेशन" के जरिए सीधे डिजिटल तरीके से जानकारी दर्ज करेंगे। लोग यदि पहले ही ऑनलाइन जानकारी भर चुके होंगे तो उन्हें केवल अपना 11 अंकों का आईडी नंबर दिखाना होगा, जिसके बाद पूरी जानकारी प्रगणक के मोबाइल ऐप में स्वतः दिखाई दे जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार डिजिटल प्रणाली लागू होने से आंकड़ों में गलती की संभावना काफी कम होगी और डेटा तुरंत ऑनलाइन अपलोड हो सकेगा। इससे अंतिम रिपोर्ट तैयार करने में लगने वाला समय भी कम होगा। पूरी प्रक्रिया की निगरानी और प्रबंधन के लिए "सीएमएमएस पोर्टल" भी तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से अधिकारियों को प्रशिक्षण, प्रगति की मॉनिटरिंग और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

जनगणना निदेशालय हिमाचल प्रदेश की डायरेक्टर दीपशिखा शर्मा ने कहा कि भारत सरकार आगामी जनगणना को आधुनिक, पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से आम लोगों की भागीदारी बढ़ेगी और आंकड़े अधिक सटीक रूप से तैयार किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि ''जनगणना 2027'' केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि ''डिजिटल इंडिया'' और ''विकसित भारत 2047'' के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई व्यवस्था से समय और संसाधनों की बचत होगी, साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि कागज के उपयोग में भारी कमी आएगी।

# स्वच्छता कर्मियों के लिए प्रशिक्षण एवं सुरक्षा उपकरण समारोह आयोजित



जीत समाचार पालमपुर(रवि कुमार)। नेस्ले इंडिया एवं प्लान फाउंडेशन की परियोजना हिलदारी द्वारा रोटरी भवन, पालमपुर में स्वच्छता कर्मियों के लिए वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण एवं 4-वे कचरा पृथक्करण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को वित्तीय जागरूकता, सुरक्षित कार्य पद्धतियों तथा स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता कर्मियों को 4-वे कचरा पृथक्करण के अंतर्गत गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा एवं सैनिटरी कचरे के पृथक्करण की जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय साक्षरता सत्र के माध्यम से बचत, बैंकिंग सेवाओं एवं वित्तीय प्रबंधन के विषय में जानकारी साझा की गई।

इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षा जैकेट, दस्ताने, मास्क एवं पोषण किट भी वितरित किए गए ताकि उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएसके कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की माननीय रजिस्ट्रार श्रीमती मधु चौधरी जी एवं नगर निगम पालमपुर के कार्यकारी अभियंता श्री अभिनव जी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर निगम के स्वच्छता ठेकेदार, सुपरवाइजर, स्वच्छता कर्मी एवं नेस्ले हिलदारी टीम के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि आदरणीय मधु चौधरी जी ने स्वच्छता कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए स्रोत पृथक्करण एवं सुरक्षित कार्य वातावरण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मी शहर को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।

नेस्ले इंडिया और प्लान फाउंडेशन की परियोजना हिलदारी शहर में कचरा प्रबंधन को लेकर सक्रिय है यह संस्था शहर में साफ सफाई और स्रोत पृथक्करण को लेकर समाज में जागरूकता लाने के लिए काम कर रही है, और साथ ही, अपशिष्ट श्रमिकों को पेशेवर बनाने की दिशा में भी काम कर रही है

# मंदिर में हुई चोरी की गुत्थी को महज दो घंटों के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया



धर्मशाला। पुलिस जिला देहरा के अंतर्गत पुलिस थाना डाडासीबा पुलिस ने क्षेत्र के एक मंदिर में हुई चोरी की गुत्थी को महज दो घंटों के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के घर से चोरी किए हुए आभूषण और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस टीम की मुस्तैदी और सूझबूझ से शेरावाली माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का मात्र दो घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा किया गया।

एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि शुक्रवार सुबह पुलिस थाना डाडासीबा की टीम आरा चौक के पास नियमित गश्त ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान मंदिर के पुजारी बलदेव पुत्र स्वर्गीय हरि सिंह निवासी वार्ड नम्बर 7, नंगल चौक, डाकघर एवं तहसील डाडासीबा ने पुलिस टीम को सूचना दी कि जब वह प्रातः लगभग 5:30 बजे मंदिर में पूजा-अर्चना हेतु पहुंचे, तो मंदिर परिसर में माता के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान चोरी हो गया था।

शिकायतकर्ता के अनुसार चोरी हुए सामान में सोने की नथ, कृत्रिम आभूषण, मंगलसूत्र, गले का हार, पीली धातु का लॉकेट, झुमके, साड़ी, चुनरी, नकद राशि लगभग 500 से 700 तथा माता जी के श्रृंगार एवं सजावट से संबंधित अन्य सामान शामिल थे। चोरी हुए सामान की कुल अनुमानित कीमत लगभग एक लाख 10 हजार 500 रूपये आंकी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना डाडासीबा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में बिना विलंब मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया तथा तकनीकी एवं स्थानीय स्तर पर गहन जांच आरंभ की गई।

जांच के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति लक्की नामक युवक पर संदेह हुआ। तत्परता से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा उसके घर पर दबिश दी गई तथा उसे पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति चोरी किए गए सामान के संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं कर पाया।

इसके उपरांत स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में उसके घर की तलाशी ली गई, जिसमें शेरावाली माता मंदिर से चोरी किया गया समस्त सामान एवं आभूषण बरामद किए गए। शिकायतकर्ता द्वारा बरामद सामान की पहचान मंदिर के सामान के रूप में की गई।

एसपी ने बताया कि इस संबंध में आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना डाडासीबा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा चोरी हुए सामान की बरामदगी भी की गई है।

# कान्स फिल्म महोत्सव में हुआ एआई से बनी पहली फिल्म "हेल ग्राइंड" का प्रीमियर




कान्स फिल्म महोत्सव में कल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई से बनी एक नई फिल्म का प्रीमियर हुआ। "हेल ग्राइंड" नामक इस 95 मिनट की फिल्म को 15 लोगों की टीम ने केवल 14 दिन में तैयार की है। इस पर लगभग 5 लाख डॉलर की लागत आई है। सैन फ्रांसिस्को के स्टार्टअप हिग्सफील्ड एआई ने इस फिल्म का बुधवार को ट्रेलर भी जारी किया। फिल्म की कहानी देवी-देवताओं और राक्षसों पर आधारित है। हिग्सफील्ड के संस्थापक एलेक्स मशराबोव ने कहा कि यह पहली एआई फिल्म है। यह फिल्म दर्शाती है कि एआई अब एक पूरी फिल्म में पात्रों की निरंतरता, दुनिया की सुसंगति और कथानक को बना‌ए रख सकती है।




# मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले की जांच सीबीआई करेगी, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शव के दोबारा पोस्टमार्टम का दिया आदेश





केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो- सीबीआई भोपाल में मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत की जांच करेगा। ट्विशा 12 मई को कटारा हिल्स स्थित अपने घर में मृत पाई गई थीं। मध्य प्रदेश गृह विभाग ने जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की है। पुलिस ने ट्विशा के पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह के खिलाफ दहेज और मौत की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। गिरिबाला सिंह सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं। उन्हें अदालत से अग्रिम जमानत मिल गयी है।

ट्विशा के परिवार का दावा है कि उनकी हत्या की गई है। हालांकि, ससुराल वालों का कहना है कि उसने आत्महत्या की है। 20 मई को ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने उन्हें सीबीआई जांच का आश्वासन दिया था।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी से सात दिन के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने आज ट्विशा शर्मा के शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया। यह पोस्टमार्टम एम्स, नई दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा।

इस बीच, ट्विशा के पति समर्थ सिंह ने उच्च न्यायालय से जमानत याचिका वापस ले ली है। अब वह जांच अधिकारी या निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर सकते हैं।

उच्च न्यायालय ने ट्विशा की सास और पूर्व जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को भी नोटिस जारी किया है। अदालत ने उनसे दहेज हत्या मामले में उन्हें मिली अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब मांगा है।

राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका व्यक्त करते हुए जल्द सुनवाई की अपील की है। अगली सुनवाई 25 मई को दोपहर ढाई बजे बजे होगी।